

**शुक्रवार**
26 अगस्त 2022



**पृष्ठ 8**
**सड़क दुर्घटना में सीएम योगी के ओएसडी की मौत, पत्नी घायल**



**पृष्ठ 5**
**गूगल गर्ल बोल्डनेस में दे रहीं उर्फी को टक्कर**




- देहरादून
- वर्ष 30
- अंक 199
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
**सांध्य दैनिक**
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त


**आज का विचार**

रंग इसलिए हैं कि जीवन की एकरसता दूर हो सके और इसलिए भी कि हम सादगी का मूल्य पहचान सकें।

– मुक्ता

## ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के तहत तैयार हुई
# गूलर से शिवपुरी टनल का सीएम धामी ने उद्घाटन किया



कार्यालय संवाददाता

देहरादून/टिहरी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन के अंतर्गत रेलवे प्रोजेक्ट का पहला गूलर से शिवपुरी टनल ब्रेक-थ्रू का दीपक प्रज्वलित कर उदघाटन किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है। उन्होंने इस महत्वकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने के लिए सभी का धन्यबाद ज्ञापित किया। प्रधानमंत्री का सपना है कि वर्ष 2024 तक समयान्तर्गत रेलवे लाइन का कार्य हो जाये, प्रधानमंत्री द्वारा लगातार रेलवे लाइन का अपडेट लिया जा रहा है। पहाड़ों में रेलवे लाइन का काम काफी कठिन होने के बावजूद आगे भी सफलतापूर्वक करने के लिए उन्होंने सभी को सुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि और भी रेलवे लाइनों, सड़कों के निर्माण हेतु स्वीकृति मिल चुकी हैं, जिन पर शीघ्र ही कार्य शुरू कर दिए जाएंगे। कहा कि देश के सभी एम्स में से ऋषिकेश का एम्स श्रेष्ठ है।

उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री का उत्तराखण्ड से विशेष लगाव है और उनके मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड में भी सभी क्षेत्रों में विकास कार्य तीव्र गति से हो रहे है। इस बार प्रदेश में लगभग 04 करोड़ कांवडियों ने यात्रा की है, जबकि चारधाम में अभी तक लगभग 30 लाख

◀◀ शेष पृष्ठ 3 पर

# नकली सोने की घडी दिखाकर ठगी करने वाले गिरोह के चार लोग गिरफ्तार



संवाददाता

देहरादून। नकली सोने की घडी दिखाकर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 83 हजार रूपये नगद, एक अंगूठी, एक चेन, दो नकली घडी व स्विफ्ट कार बरामद कर ली।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक नगर सरिता डोभाल ने बताया कि लूनिया मौहल्ला निवासी रविन्द्र प्रसाद ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने निजी कार्य से चाट वाली गली से घंटाघर की तरफ जा रहा था तभी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसे अपनी बातों में उलझाकर सोने की घडी बेचने के नाम पर धोखाधडी से उसकी असली सोने की चेन ठग ली है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरें खंगाले तो पुलिस को एक स्विफ्ट कार में सवार चार लोगों को देखा गया। पुलिस ने कार के नम्बर से सर्विस सेंटरों से सम्पर्क किया जिसके बाद पुलिस को गाडी के स्वामी की डिटेल व फोन नम्बर प्राप्त कर लिये। एसपी सिटी ने बताया

◀◀ शेष पृष्ठ 3 पर

# देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 10,256 नए मामले दर्ज, 68 लोगों की मौत

नई दिल्ली । भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 10,256 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,43,89,176 हो गई, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 90,707 रह गई है।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, देश में संक्रमण से 68 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,27,556 हो गई। इन 68 मामलों में वे 29 लोग भी शामिल हैं, जिनके नाम संक्रमण से मौत के आंकड़ों का पुन: मिलान करते हुए केरल ने संक्रमण से जान गंवाने वालों की सूची में डाले हैं। आंकड़ों के अनुसार, देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 90,707 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.20 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 3,340 मामलों की कमी दर्ज की गई। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर 98.61 प्रतिशत हो गई। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त 2020 को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त 2020 को 30 लाख और पांच सितंबर 2020 को 40 लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर 2020 को 50 लाख, 28 सितंबर 2020 को 60 लाख, 11 अक्टूबर 2020 को 70 लाख, 29 अक्टूबर 2020 को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे।

# गुलाम नबी आजाद ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा, राहुल पर लगाएं गंभीर आरोप

नई दिल्ली । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी से उनकी नाराजगी कोई तात्कालिक नहीं है, बल्कि वे लंबे समय से कांग्रेस से नाराज चल रहे थे। उन्होंने सोनिया गांधी को लिखे 5 पन्ने के पत्र में खुलकर उन कारणों को जाहिर किया है, जिसके चलते उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दिया।

सोनिया गांधी को लिखे पत्र में गुलाम नबी आजाद ने अपनी नाराजगी की बड़ी वजह राहुल गांधी को बताया है। सोनिया गांधी को संबोधित करते हुए उन्होंने लिखा है, यूपीए-1 और यूपीए-2 के समय सोनिया गांधी की अध्यक्षता में पार्टी अच्छे मुकाम पर थी। इस सफलता के पीछे पार्टी के सीनियर और अनुभवी लीडर्स थे और उनके फैसलों को तरजीह



दी जाती थी। लेकिन जनवरी 2013 में राहुल गांधी की एंट्री और उन्हें पार्टी का उपाध्यक्ष बनाने के बाद सारा मैकेनिज्म खत्म कर दिया गया। राहुल गांधी ने कई मौकों पर बचकानी हरकत दिखाई।

गुलाम नबी आजाद ने लिखा कि राहुल गांधी के उपाध्यक्ष बनने के बाद सीनियर लीडर्स को साइडलाइन किया जाने लगा और अनुभवहीन नेताओं की नई मंडली तैयार हो गई। उन्होंने राहुल गांधी द्वारा मीडिया के सामने सार्वजनिक तौर पर उस सरकारी अध्यादेश को फाड़ने की घटना का भी जिक्र किया है, जिसे कांग्रेस कोर ग्रुप के सीनियर लीडर्स ने अपने अनुभवों के आधार पर तैयार किया था। उन्होंने लिखा है कि राहुल गांधी की यह बचकानी हरकत पार्टी के अवसान की शुरुआत बनी।

गुलाम नबी ने लिखा है कि वे पंचमढ़ी (1998), शिमला (2003) और जयपुर (2013) में हुए मंथन में शामिल रहे हैं, लेकिन तीनों मौकों पर निकले सलाह-मशवरों पर कभी गौर नहीं किया गया और न ही अनुशंसाओं को लागू किया गया। 2014 लोकसभा चुनाव को लेकर जनवरी 2013 में पार्टी को पुनर्जीवित करने के लिए एक डिटेल्ड एक्शन प्लान तैयार किया गया था, जिसे कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने अप्रूव किया था, लेकिन इस एक्शन प्लान को गोदाम में रख दिया गया।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# ड्रग्स के खिलाफ मुहिम, एक अच्छा प्रयास

पंजाब के बाद अब उत्तराखण्ड भी ड्रग्स की चपेट में आ चुका है। राज्य में ड्रग्स के बढ़ते प्रकोप के चलते जहां युवा वर्ग, छात्र व नाबालिग इसका शिकार बन रहे है वहीं बढ़ते अपराधों के लिहाज से देखा जाये तो इसके पीछे भी ड्रग्स की एक अहम भूमिका है। राज्य में ड्रग्स तस्करों द्वारा ऐसा एक भी जिला नहीं छोड़ा गया है जहां उन्होने अपना सिंडिकेट नहीं खड़ा किया गया है। हालांकि पुलिस प्रशासन गाहे बगाहे इन ड्रग्स तस्करों को दबोचने में कामयाब तो हो रही है लेकिन वह नशा तस्करों के इस बड़े सिडींकेट को पूरी तरह से तोड़ने में असफल ही साबित हुई है। राज्य में बढ़ती ड्रग्स तस्करी को देखते हुए ही इस बार स्वंय मुख्यमंत्री द्वारा 2025 तक उत्तराखण्ड को ड्रग्स मुक्त करने की मुहिम छेड़ दी गयी है। जो यह बताने के लिए काफी है कि राज्य में ड्रग्स तस्करों की पैठ काफी मजबूत है। जिस पर अब खुद सरकार को ध्यान केन्द्रित करने की जरूरत पड़ गयी है। बीते कुछ वर्षो पहले वालीवुड द्वारा एक फिल्म बनायी गयी थी जिसका नाम 'उड़ता पंजाब' था। जिसमें दिखाया गया था कि पंजाब का युवा वर्ग किस तरह से नशे की चपेट में आ चुका है अगर उत्तराखण्ड से अब भी ड्रग्स तस्करों का सफाया नहीं किया गया तो वह दिन भी दूर नहीं जब यहां का युवा वर्ग भी पूरी तरह से इसकी चपेट में न आ पाये। हालांकि राज्य के मुखिया की उत्तराखण्ड को ड्रग्स मुक्त करने की अच्छी मुहिम है लेकिन यह मुहिम कितना रंग लाती है यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

# हेटस्पीच मामले में योगी आदित्यनाथ पर नहीं चलेगा मुकदमा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जुड़े, कथित रूप से नफरत फैलाने वाला भाषण देने के 2007 के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दी है। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार की पीठ ने कहा कि इस मामले में मंजूरी देने से इनकार करने पर चर्चा करने की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने कहा, मंजूरी से जुड़े कानूनी प्रश्नों को किसी उपयुक्त मामले से निपटने के लिए खुला रखा जाएगा।

आपको बता दें कि उच्च न्यायालय ने फरवरी 2018 को दिए अपने फैसले में कहा था कि उसे अभियोग चलाने की मंजूरी देने से इनकार करने का निर्णय लेने की प्रक्रिया या जांच में कोई प्रक्रियात्मक त्रुटि नहीं मिली है। तत्कालीन सांसद आदित्यनाथ और कई अन्य लोगों के खिलाफ दो समूहों के बीच शत्रुता बढ़ाने के आरोप में गोरखपुर के एक पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। यह आरोप लगाया गया था कि आदित्यनाथ द्वारा कथित रूप से नफरत फैलाने वाला भाषण देने के बाद गोरखपुर में उसी दिन हिंसा की कई घटनाएं हुईं।

# विश्व फोटोग्राफी दिवस पर रक्तदान व निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



नगर संवाददाता

देहरादून। विश्व फोटोग्राफी दिवस के उपलक्ष्य में देहरादून फोटोग्राफी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रक्त दान शिविर तथा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक राजपुर रोड खजान दास और मेयर नगर निगम देहरादून सुनील उनियाल गामा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों द्वारा धर्मानाद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्र नगर के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में कार्यरत विशाल त्यागी को फोटोग्राफी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य तथा कोरोना काल में उत्कृष्ट फोटोग्राफी सेवा के लिए कोरोना योद्धा से सम्मानित किया गया। विशाल त्यागी को मिले इस सम्मान पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो राजेश उभान तथा समस्त स्टाफ ने प्रसन्नता जाहिर की है।

# आधुनिक भारत के संत कबीर थे उस्ताद बिस्मिल्लाह खान



वे ऐसे बनारसी थे जो गंगा में वजू करके नमाज पढ़ते थे और सरस्वती का स्मरण करके शहनाई की तान छेड़ते थे। वे ऐसे संत थे जिनकी शहनाई की गूंज के साथ बाबा विश्वनाथ मंदिर के कपाट खुलते थे। वे ऐसे मुसलमान थे जो सरस्वती की पूजा करते थे। वे ऐसे पांच वक्त के नमाजी थे जो संगीत को ईश्वर की साध ना मानते थे। वे इस्लाम के ऐसे पैरोकार थे जो अपने मजहब में संगीत के हराम होने के सवाल पर हंस कर कह देते थे, 'क्या हुआ इस्लाम में संगीत की मनाही है, कुरान की शुरुआत तो 'बिस्मिल्लाह' से ही होती है।'

उस्ताद बिस्मिल्लाह खान आधुनिक भारत के संत कबीर थे, जिनके लिए मंदिर मस्जिद और हिंदू-मुसलमान का फर्क मिट गया था। कहते हैं कि संत कबीर का देहांत हुआ तो हिंदू और मुसलमानों में उनके पार्थिव शरीर के लिए झगड़ा हो गया था। उसी तरह जब उस्ताद बिस्मिल्लाह खान का देहांत हुआ तो हिंदू और मुसलमानों का हुजूम उमड़ पड़ा। शहनाई की धुनों के बीच एक तरफ मुसलमान फातिहा पढ़ रहे थे तो दूसरी तरफ हिंदू सुंदरकांड का पाठ कर रहे थे।

आजादी की पहली रात को जिस बिस्मिल्लाह खान की शहनाई लाल किले पर गूंजी थी, आजादी की वह सुरीली तान भारत माता से कोई छीन सकता है? जिसने उम्र भर मां गंगा को शहनाई की धुन सुनाई हो, क्या मां गंगा अपने उस बेटे को भुला देंगी? जिस हनुमान मंदिर में आधी सदी तक बिस्मिल्लाह खान शहनाई बनकर गूंजते रहे हों, वे हनुमान जी बिस्मिल्ला को भुला देंगे? जो शहनाई की धुन आजाद भारत में हर सुबह की मंगल ध्वनि बन गई, क्या उसे हिंदुस्तानी संगीत से इसलिए अलग किया जा सकता है कि वह धुन बिस्मिल्लाह खान की सांसों से निकलती है? उसके बिना तो हिंदुस्तान बेसुरा हो जाएगा! नफरत भरी सियासत लाख कोशिश कर ले, ऐसा मुमकिन नहीं है।

यह तो सिर्फ एक बिस्मिल्लाह की कहानी है। जो लोग गंगा-जमुनी तहजीब का मजाक उड़ा रहे है, वे हिंदुस्तान से अपरिचित लोग हैं जिन्हें नफरत के सिवा कुछ दिखाई नहीं देता।

हिंदुस्तान की धरती में जितने गांधी हैं, उतनी ही संख्या में अशफाक मौजूद हैं। आपको लगता है कि हनुमान गढ़ी और रामजन्म भूमि के बाहर कलगी, कुमकुम, चंदन बेचने वाले जुम्मन को राम वहां से जाने देंगे? तुलसी के राम ने तो ऐसा संदेश कभी नहीं दिया था। यह ऐसा हिंदुस्तान बन गया है कि राही मासूम रजा जिधर जाएगा, महाभारत और कृष्ण उसके साथ चले जाएंगे।

स्थिति का अंदाजा ऐसे लगाइए कि अगर कोई मुसलमान नास्तिक है तो हजारों बरस बूढ़े महर्षि चार्वाक उसके साथ खड़े हैं- यावत जीवेत, सुखं जीवेत।।। जब तक रहो, मस्ती से जियो।।। अगर कोई मुसलमान आस्तिक है तो उसके पहलू में कोई गांधी भजन गाता मिलेगा- ईश्वर अल्लाह तेरो नाम।।।

कोई नफरत का कारोबारी इतना बड़ा नहीं हो सकता कि कृष्ण से रसखान छीन ले जाए। आपमें इतनी क्षमता नहीं है कि आप लाखों मंदिरों में गूंजता हुआ मन तड़पत हरि दर्शन को आज बंद करा देंगे। इस देश की हवा इतनी सुरीली है तो तानसेन के साथ बड़े गुलाम अली खां से लेकर रहमान तक के सुर इन हवाओं में मौजूद हैं। इस देश की भाषा की तस्वीर अमीर खुसरो के बगैर बदरंग हो जाती है।

इस देश की शहादतों का इतिहास लिखा जाता है तो मंगल पांडेय के साथ बहादुरशाह जफर खड़ा हो जाता है जिसके हाथ में उसके बेटों के कटे हुए सिर हैं। भगत सिंह के साथ अशफाक को खड़ा किये बगैर भारत का इतिहास विकृत हो जाता है।

फैज और जॉन एलिया जिस्म से सरहद पार चले गए लेकिन उनका शायर इधर ही छूट गया। गालिब और मीर की कब्रें इधर रह गई थीं, लेकिन गालिब और मीर यहां से वहां तक अदब के निर्विवाद पूर्वज हैं। फेहरिस्त लंबी है। यहां कम कहा, ज्यादा समझना।

जब हम असली भारत की तस्वीर दिखाते लेख पोस्ट करते हैं तो कुछ लोगों को मिरची लग जाती है। समरसता हिंदुस्तान की मिट्टी में है। नफरत और बंटवारे की सियासत हिटलर से उधार आई है। हिटलर मर गया लेकिन उससे उधार ली हुई नफरत को कुछ लोग अपने मन में पाले घूम रहे हैं। अगर आप सोचते हैं कि आप मुसलमानों से लड़कर धर्म या देश की रक्षा कर रहे हैं तो वह आपका भ्रम है जो आपको नफरत की घुट्टी में घोलकर पिलाया गया है। ऐसे विचार पर अमल करना इस देश की आत्मा पर हमला करना है।

जिस धरती पर उस्ताद बिस्मिल्लाह खान जैसे संगीत के संत पैदा हुए हों, उस धरती पर नफरत का नाश होगा, मोहब्बत जिंदाबाद रहेगी।

आज उस्ताद को याद करने का दिन है। सलाम!

- कृष्णकांत

साभार: सोशल मीडिया

वं सूकरस्य दर्दृहि तव दर्दर्तु सूकरः।
स्तोतृघ्निन्द्रस्य रायसि किमस्मान्दुच्छुनायसे नि षु स्वप।।

(ऋग्वेद ७-५५-४)

जो सकारात्मक शक्तियां सभी के कल्याण के कार्य कर रही हैं उनका तुम सहयोग करो। वही तुम्हें समृद्धि प्रदान करेंगे। परमेश्वर के पथ पर चलने वालों के पीछे तुम कुत्ते की तरह क्यों भौंकते हो। तुम शांति से सो जाओ।

You should cooperate with the positive forces that are working for the welfare of all. They will get you prosperity. Why do you bark like a dog at those who walk in the path of God? You sleep peacefully. (Rig Veda 7-55-4)

# नारियल पानी स्वास्थ्यवर्धक

नारियल पानी पोटेशियम, क्लोराइड्स और मैग्निशियम से भरपूर है। नारियल पानी स्वादिष्ट होने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। इसमें सीमित मात्रा में चीनी, सोडियम, प्रोटीन भी होता है। नारियल पानी पीने से गर्भावस्था के दौरान होने वाली आम समस्याओं जैसे कब्ज, जी मिचलाना और एसिडिटी से निजात मिलती है। यह आहार संबंधी मैगनीज, कैल्शियम, फाइबर, विटामिन सी का अच्छा स्त्रोत है। यह नारियल पानी त्वचा को टैनिंग और सन बर्न से बचाने में मददगार साबित होता है। इसमें पोटेशियम की प्रचुर मात्रा होती है, जिससे त्वचा को पौष्टिक त?व और ऑक्सीजन मिलता है। नारियल पानी डिहाइड्रेशन को रोकने में मदद करता है। यह पसीने के जरिये जो प्राकृतिक लवण शरीर से निकल जाते हैं, उनकी भरपाई करके यह थकान से निजात भी दिलाता है। मुंहासे की समस्याओं के लिए नारियल पानी काफी उपयोगी साबित होता है। डेली रात को नारियल पानी की कुछ बूंदें कॉटन से चेहरे पर लगाएं और कुछ ही हफ्तो के भीतर आपकी स्किन सॉफ्ट और चिकनी हो जाएगी। नींबू की कुछ बूंदें और नारियल पानी की कुछ बूंदों के मिश्रण को मिक्स करके चेहरे और पूरी बॉडी पर लगाएं इससे त्वचा को काफी लाभ होगा। नारियल पानी कई सौंदर्य लाभ हैं। जैसे स्नान के बाद आप १०-15 मिनट के बाद नारियल पानी की कुछ बूंदों को अपनी पूरी बॉडी पर अच्छे से लगाएं। इससे शरीर को पूरा मॉइश्चराइज करें कुछ ही दिनों में त्वचा में फर्क दिखेगा। त्वचा को शाइनी और सॉफ्ट बनाने के लिए आप नारियल पानी और लाल मसूर की दाल का स्क्रब बनालें। इस पेस्ट को 1-2 मिनट के लिए त्वचा पर हल्के हाथों से रगडें और फिर धो लें। यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट व सुंदर बनाने में मदद करता है।

# विधायक की ड्रग्स के खिलाफ मुहिम, एसएसपी को दिये बैठक बुलाने के निर्देश

हमारे संवाददाता

टिहरी। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने ड्रग्स जैसी महामारी पर क्षोभ व चिन्ता व्यक्त करते हुए एसएसपी टिहरी को पत्र लिखकर कहा है कि तत्काल इस सम्बन्ध में सभी स्टेक होल्डर की बैठक बुलाई जाये ताकि टिहरी को इस महामारी से मुक्त किया जा सके।



टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा है कि आज की युवा पीढ़ी जिनके कन्धों पर भविष्य के भारत का भार आने वाला है अगर वह इसी तरह ड्रग्स के अंधकार और गर्त में चली गयी तो राष्ट्र की सुरक्षा खतरे में पड़ जायेगी। उन्होने कहा कि अब तो स्कूली बच्चे भी इस ड्रग्स की जद में आ गये है।

उन्होने कहा कि चीन से चन्द कदम की दूरी पर स्थित टिहरी जैसे सीमान्त स्थानों पर इस तरह की स्थिति भविष्य में भयावह स्थिति पैदा कर सकती है। उन्होने एसएसपी टिहरी को पत्र लिखकर अविलम्ब इस सम्बंध में सभी स्टेक होल्डर की बैठक बुलाने हेतु कहा गया है, जिससे टिहरी को इस महामारी से मुक्त किया जा सके।

## गूलर से शिवपुरी टनल का सीएम...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

श्रद्धालुओं/ पर्यटक पहुंचे हैं।

कैबिनेट मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री प्रेमचन्द्र अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के मार्ग दर्शन में सभी क्षेत्रों में विकास कार्य निरन्तर हो रहे है। प्रधानमंत्री जी द्वारा पहाड़ों में रेल पहुंचाने के कार्यो को साकार रूप दिया जा रहा है।

काबीना मंत्री सुबोध उनियाल ने इस योजना में अपनी भूमि देने वाले लोगों का और इस परियोजना में कार्य कर रहे सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुख्य परियोजना अधिकारी रेलवे अजित सिंह यादव ने बताया कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन की दूरी 125 किमी है, जिसमें से 104 किमी में 17 टनल बनेंगी। इस रेल लाईन में जन्दासू देवप्रयाग सौड़ सबसे लम्बी सुरंग होगी जो लगभग साढे चौदाह किमी होगी। बताया कि रेलवे के कार्यों में आधुनिकतम मशीनों का इस्तमाल किया जा रहा है, सभी टनल का कार्य समय अंतर्गत पूरा कर लिया जाएगा।

इस मौके पर आयुक्त गढ़वाल मंडल सुशील कुमार, डीआईजी गढ़वाल के. एस. नगन्याल, जिलाधिकारी सौरभ गहरवार, एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर, सहित अन्य रेलवे के अधिकारी, जनपद स्तरीय अशिकारी, जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## नकली सोने की घडी दिखाकर ठगी..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

कि जिसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज व मोबाइल नम्बर ट्रेस करने पर घटना के समय कार स्वामी का दून में होना पाया गया। जिसके बाद पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति व कार नम्बर व फोन की लोकेशन के आधार पर पता चला कि कार व उसका मालिक हरिद्वार से नजीबाबाद, काशीपुर की तरफ गये है।

पुलिस टीम ने काशीपुर व नजीबाबाद में सीसीटीवी कैमरों को खंगालाते हुए पीछा किया गया तो जानकारी मिली कि उक्त सभी संदिग्ध नैनीताल के तल्लीताल स्थित एक होटल में ठहरे हैं। जिसके बाद पुलिस टीम ने तत्काल कार्यवाही करते हुए तल्लीताल पहुंचकर होटल के बाहर से चारों संदिग्धों को स्विफ्ट कार के साथ पकड लिया गया। जिनकी तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से एक चेन, अंगूठी व 83650 रूपये नगद व दो नकली घडी भी बरामद कर ली। जिसके बाद उन्होंने कोतवाली क्षेत्र में हुई दो ठगी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया।

पूछताछ में उन्होंने अपने नाम कश्मीरी लाल पुत्र कृष्ण लाल अरोडा निवासी सुदर्शन पाक मोती नगर दिल्ली, सुनील अग्रवाल पुत्र सूरज प्रकाश निवासी शाहदरा दिल्ली, नरेन्द्र कुमार पुत्र बिशनलाल निवासी महिला कालोनी गांधी नगर दिल्ली व अजय मैदान पुत्र तुला राम निवासी बसई धारापुर मोतीनगर पश्चिमी दिल्ली बताये। पूछताछ में उन्होने बताया कि वह अलग-अलग राज्यों में जाकर ठगी करते है। जिसमें भीडभाड वाले स्थानों में बुजुर्ग व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें अपनी बातों में फंसाकर लालच देकर नगली सोने की घडी को असली बताकर बेचने के नाम पर धोखाधडी से उनसे पैसे व ज्वैलरी ठग लेते हैं।

घटना के दौरान गैंग लीडर कश्मीरी लाल नकली सोने की घडी को असली बताकर बेचने की बात करता हैं एवं सुनील अग्रवाल अपने आपको सुनार बताता है व अन्य नरेन्द्र व अजय ग्राहक बनकर नकली घडी खरीदने की बात करते है जिससे कि पीडित उनके जाल में फंसकर लालच में आकर नकली सोने की घडी को खरीद लेता है।

पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# तीन राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में किया वृक्षारोपण

संवाददाता

देहरादून। क्लीन एण्ड ग्रीन इन्वायरमेंट सोसायटी ने पछवादून के तीन राजकीय प्राथमिक विद्यालय में वृक्षारोपण किया।



आज यहां क्लीन एण्ड ग्रीन इन्वायरमेंट सोसायटी द्वारा पछवादून के 3 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। जिनमे राजकीय प्राथमिक विद्यालय गोरखपुर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बनियावाला एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय मीठी बेरी शामिल किए गए। इस अवसर पर विभिन्न प्रजातियों के 100 से अधिक वृक्षों का रोपण किया गया। लगाए गए वृक्षों में बहेड़ा, सिल्वर ओक, कनेर, तेजपात, बांस, अमलतास, गुलमोहर, आंवला, शीशम, पिलखन इत्यादि वृक्ष शामिल किए गए। वर्ष 2022 में क्लीन एण्ड ग्रीन इन्वायरमेंट सोसायटी द्वारा किया गया यह छठा वृक्षारोपण अभियान है। उक्त तीनो विद्यालय पछवादून क्षेत्र के अंतर्गत आते है और सरकारी सुख सुविधाओं से बहुत वंचित है। समस्त विद्यालयों के स्टाफ द्वारा समिति से वृक्षारोपण हेतु समिति से निवेदन किया गया, जिसे स्वीकार करते समिति ने इन विद्यालयों में पहुंचकर वृक्ष लगाए। समिति द्वारा समस्त विद्यालयों के अध्यापकों को लगाए गए वृषो की देखभाल करने और उन्हें बचाने का प्रण दिलाया गया। विद्यालयों के समस्त कर्मचारियों द्वारा उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर सहयोग किया और समिति के सदस्यों के साथ मिलकर वृक्ष लगाए। इस वर्ष समिति द्वारा 1500 से अधिक वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस वृक्षारोपण अभियान में समिति के अध्यक्ष राम कपूर, उपाध्यक्ष रंदीप अहलूवालिया, कोषाध्यक्ष शम्भू शुक्ला, हर्षवर्धन जमलोकी, नितिन कुमार, अमित चौधरी, दीपक वासुदेवा, गगन चावला, सुमित खन्ना, लोहित पांडेय, राज, मोहित ग्रोवर, सनी तलवार, चमन सिंह, छोटे बच्चों में नमित, रेयांश, सुंदर, हृदय, शिवम, हर्षिल, प्रखर तथा तीनो प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक तथा स्टाफ उपस्थित रहे।

## दुकान का ताला तोड सामान चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दुकान का ताला तोडकर वहां से सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।प्राप्त जानकारी के अनुसार विष्णु विहार निवासी निकेत वैश्य ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी फ्लाई ओवर के नीचे दुकान है। आज जब वह दुकान पर आया तो उसने देखा कि उसकी दुकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उसके यहां से हजारों रूपये का सामान चोरी करके ले गये हैं।

## स्मैक के साथ महिला सहित दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने काले की ढाल के पास एक महिला को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडी हुई। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से 10 ग्राम स्मैक बरामद कर ली।

पूछताछ में उसने अपना नाम खुशी उर्फ माया पत्नी जसवंत नाथ निवासी सपेरा बस्ती बताया। वहीं बसंत विहार थाना पुलिस ने शास्त्री नगर खाले से एक युवक को सात ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया।

पूछताछ में उसने अपना नाम प्रमोद पुत्र श्याम चरण निवासी बदांयू बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# डा. नारायण सुब्बाराव हार्डिकर को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

नगर संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस सेवा दल प्रदेश प्रवक्ता अशोक मल्होत्रा ने बताया कि आज अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवादल के संस्थापक भारत की स्वतंत्रता के अमर सेनानी डॉ नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की 47 वी पुण्यतिथि के अवसर पर आज उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।



इस अवसर पर प्रदेश महासचिव संगठन नीरज त्यागी ने इनके जीवन के बारे में प्रकाश डालते हुए स्वतंत्रता संग्राम में उनके द्वारा किए गए योगदान के बारे में बताया, कि जब 1923 में झंडा सत्याग्रह में हजारों कार्यकर्ताओं को अंग्रेज सरकार द्वारा बंदी बना लिया गया था, तो उस समय डॉक्टर हार्डीकर की हुबली सेवा सदन ने अन्य कार्यकर्ताओं की तरह माफी मांग कर जेल से बाहर आने से इन्कार कर दिया। उनके इस कार्य की चर्चा देशव्यापी हुई और हुबली सेवा सदन को बाद में कांग्रेस सेवा दल का नाम दिया गया।

कांग्रेस सेवा दल द्वारा कांग्रेस को एक सुरक्षा चक्र देने का कार्य किया गया व मजबूत संगठन के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने का कार्य सेवादल करने लगा, एक समय ऐसा भी आया कि अंग्रेज सरकार कांग्रेस सेवा दल के नाम से भी डरने लगी थी। आज की परिस्थिति में कांग्रेस को पुन: मजबूत करने के लिए कांग्रेस सेवा दल को मजबूत करने की आवश्यकता है ।

इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता अशोक मल्होत्रा, महानगर महिला अध्यक्ष सावित्री थापा, व सेवादल के अन्य साथी कांग्रेस सेवा दल कार्यालय में उपस्थित रहे, उन्होंने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# उक्रांद ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को किया ज्ञापन प्रेषित



नगर संवाददाता

देहरादून। राज्य सेवा आयोग की उत्तराखंड सम्मिलित सेवा (प्रवर) के पदों पर उत्तराखंड मूल की महिला अभ्यर्थियों को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण पर उच्च न्यायलय की रोक के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने को लेकर यूकेडी द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया गया है। ज्ञापन के माध्यम से यूकेडी की निर्वतमान केन्द्रीय अध्यक्ष(महिला प्रकोष्ठ) प्रमिला रावत ने कहा है कि यह बहुत बड़ी विडंबना की बात है कि सरकार की कमजोर पैरवी के कारण न केवल राज्य सेवा आयोग की सम्मिलित सेवा (प्रवर) के पदों पर उच्च न्यायालय द्वारा रोक लगा दी गई बल्कि वर्ष 2006 के शासनादेश पर भी रोक लगा दी गई है। जहां एक ओर यह उस राज्य के लिए बहुत बड़ा आघात है जिस राज्य की लड़ाई एवम संघर्ष के केंद्र बिंदु में महिलाएं ही थी, वही दूसरी ओर 2006 के बाद एक बार की कांग्रेस सरकार एवम तीन बार की भाजपा सरकार के लिए भी बड़ी शर्म की बात है कि 2006 के शासनादेश को कानून नही बना सकी। राज्य के बाहर की महिलाओं का उत्तराखंड मूल की महिलाओं के आरक्षण के प्रति न्यायालय में जाना भी न्यायसंगत नहीं था। आखिर बाकी 70 प्रतिशत पदों के विरूद्ध तो वे आवेदन कर ही सकती थी। परंतु सरकार और सरकार के महाधिवक्ता की लापरवाही अथवा कमजोर पैरवी के चलते उत्तराखंड मूल की महिलाओं के 30 प्रतिशत आरक्षण पर रोक लगना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि हम ज्ञापन के माध्यम से आपसे मांग करते हैं की उच्च न्यायालय के फैसले के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में अविलंब वाद प्रस्तुत करने एवम उत्तराखण्ड के पक्ष की मजबूत पैरवी करने हेतु योग्य एवं अनुभवी अधिवक्ताओं को नियुक्त करने की कृपा करें।

# जीएसटी सर्वे बन्द कराने की मांग को लेकर व्यापारी मिले मुख्य सचिव से

संवाददाता

देहरादून। जीएसटी सर्वे बन्द करने व बॉर्डर चैक पोस्ट हटाने की मांग को लेकर व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मण्डल ने मुख्य सचिव मुलाकात कर इससे होने वाली परेशानियों से अवगत कराया। आज यहां प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य सचिव एसएस संधू से सचिवालय में मुलाकात की। व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने जीएसटी में आ रही कई विसंगतियों एवं बॉर्डर पर चैक पोस्टों को तुरंत हटाए जाने एवं जीएसटी सर्वे बंद कर नए करदाताओं को जुडने के लिए विभिन्न जिलों में गोष्ठियां अथव सेमीनार कराए जाने का सुझाव दिया गया साथ ही व्यापारियों की जीएसटी सम्बन्धी शिकायतों के निवारण हेतु ट्रिब्यूनल बनाने की मांग भी रखी गयी। मुख्य सचिव एसएस संधू ने कहा इस प्रस्ताव को वह जीएसटी काउंसिल में भेंजेगे। व्यापारियों द्वारा जीएसटी-51 समय पर ना भरने पर लेट फीस पेनाल्टी और इस पर ब्याज इंटरेस्ट तीनों चीजों को लगाया जाना न्याय संगत नहीं है इसे भी जीएसटी काउंसिल में भेजने की बात कही गयी। व्यापारियों ने पॉलीथीन के उत्पादन को पूरी तरह बंद किए जाने की मांग पर जोर देते हुए कहा कि यदि पॉलिथीन का उत्पादन ही नहीं होगा तो बाजार में आने का कोइ सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने आपदा में प्रभावित व्यापारियों को राहत का पात्र मानते हुए उन्हें तुरंत राहत राशि दिलाने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि आपदा में मकान मालिक को मुआवजा मिल जाता है लेकिन किराए में दुकान चलाने वाले को क्षतिपूर्ति के लिए सरकार कुछ नहीं देती। मुख्य सचिव ने उनको आश्वासन दिया कि इस प्रस्ताव को वह जीएसटी काउंसिल में भेंजेगे। बैठक में सचिव राज्य कर डा. इकबाल अहमद, स्वास्थ्य सचिव पंकज पांडे व सचिव उद्योग रोहित मीणा तथा व्यापार प्रतिनिधि मंडल में नवीन वर्मा, संगठन के चेयरमैन अनिल गोयल, विपिन नागलिया, प्रमोद गोयल कुमाऊ प्रभारी अश्वनी छाबडा, प्रमोद गोयल रूडकी, दिनेश डोभाल मौजूद थे।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# कनाडा में ओम बिरला के नेतृत्व में जनरल एसेंबली तक निकाला तिरंगा मार्च

संवाददाता

देहरादून। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कनाडा में कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन के 65वें सम्मेलन के दौरान ओम बिरला के नेतृत्व में जनरल एसेंबली तक तिरंगा मार्च निकाला।

आज यहां कनाडा हेलीफैक्स, नोवा स्कोटिया में कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन के 65वें सम्मेलन के दौरान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के नीचे सीपीए भारत रीजन के अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान भारत के प्रतिनिधिमंडल ने जनरल एसेंबली तक तिरंगा मार्च निकाला। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने भी हाथ में तिरंगा लेकर एवं सिर पर ब्रह्मकमल पहाड़ी टोपी पहन कर भारत के प्रतिनिधिमंडल के सभी सदस्यों के साथ भारत माता की जय के नारे लगाए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विदेशी धरती पर तिरंगा मार्च निकालना एक गौरव का क्षण था।



कनाडा में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन का थीम इंक्लूसिव, एक्सेसिबल अकाउंटेबल एंड स्ट्रांग पार्लियामेंट, द कॉर्नर स्टोन ऑफ डेमोक्रेसी एंड एसेंशियल फार डेवलपमेंट रहा। सम्मेलन के दौरान विभिन्न विषयों पर आठ कार्यशालाएं आयोजित हुईं। इस संसदीय सम्मेलन में भारत ने श्कार्यशाला जन संसद व नवाचार के माध्यम से सुगम्यताश में पैनलिस्ट के रूप में भाग लिया। इस सम्मेलन में श्यूथ राउंडटेबल-सायबर बुलिंग, यूथ ट्रोलिंग एंड मेंटल हेल्थ सहित रोल ऑफ पार्लियामेंट अचीविंग सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्सश एवम् श्महामारी के दौरान सदन की भूमिका और जिम्मेदारियां जैसे महत्त्वपूर्ण विषय पर गंभीरता से चर्चा हुई।

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने अचीविंग सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स विषय पर पक्ष रखते हुए कहा कि सतत विकास लक्ष्यों को वर्ष 2030 तक प्राप्त करने के लिए भारत दृढ प्रतिबद्ध है और लोकसभा एवं राज्यों की विधानसभाओं ने भी इस दिशा में गंभीर प्रयास किए हैं। महामारी के दौरान सदन की भूमिका और जिम्मेदारियां विषय पर कहा की वैश्विक महामारी में जहां पूरा विश्व कोरोना की वजह से रुका हुआ था। ऐसे में भारत की विधायिका के समक्ष चुनौती थी कि महामारी के साथ साथ संसद और विधानमण्डलों की बैठक कैसे बुलाई जाए। इन परिस्थितियों की चुनौतियों का सामना करते हुए हमारी संसद एवं विधानसभाओं के सत्र चले पक्ष हो या विपक्ष सभी ने अपना सहयोग दिया। उन्होंने कहा की चुनौतियां हमको आने वाले समय के लिए तैयार करती है कि हम ऐसे कानून और योजनाओं का निर्माण करें ताकि हम आने वाली चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके। सीपीए सम्मेलन में एक चुनाव के दौरान भारत के लोकसभा सांसद अनुराग शर्मा को नए सीपीए कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया जिस पर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ने सांसद अनुराग शर्मा को बधाई व शुभकामनाएं दी। 66वां राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन 2023 में अकरा, घाना में सीपीए घाना शाखा और घाना की संसद द्वारा आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन के दौरान भारत के 16 राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष ने भाग लिया साथ ही विदेश मंत्रालय तथा लोक सभा सचिवालय एवं विधानसभाओं से आए सचिवालय के सचिव एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। सम्मेलन में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के अध्यक्ष एंथोनी रोटा, संघ के महासचिव स्टीफन ट्विग, सीपीए इंडिया रीजन के अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने विचार रखे।

# बीस सूत्रीय कार्यक्रम में फिसड्डी विभागों को जिलाधिकारी ने किया जवाब तलब



हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। जिला सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने आज विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास कार्यक्रमों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए बीस सूत्रीय कार्यक्रम में डी श्रेणी में रहे वन एवं पीएमजीएसवाई विभाग की सात योजनाओं की धीमी प्रगति को लेकर नाराजगी व्यक्त कर दोनों विभागों का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि बीस सूत्रीय कार्यक्रम में डी एवं सी श्रेणी के विभाग कार्यों में तेजी लाना सुनिश्चित करें, ताकि बी श्रेणी में आ सकें। जिलाधिकारी ने जिला योजना,राज्य सेक्टर,केन्द्र पोषित एवं बहाय सहायतित योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने जिला योजना के बचनबद्ध मद में विभागों को अवमुक्त धनराशि को शीघ्र व्यय करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि विभागों के पास विद्यालयों की सुरक्षा दीवाल एवं चारदीवारी कार्य के लिए जो प्रस्ताव आ रहें है उन प्रस्तावों को मनरेगा में सम्मिलित किया जाय। साथ ही जो विद्यालय शौचालय विहीन है या नव निर्माण किया जाना है उनका चिन्हीकरण किया जाय। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला बाल विकास एवं कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं को मातृत्व वंदना योजना का लाभ समय से दिया जाय। अमूमन देखा गया है मातृत्व वंदना योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं को स्पष्ट जानकारी नही मिल पाती है। जिस कारण वे इस योजना से वंचित रह जाती है। इसलिए जिला अस्पताल एवं सीएचसी सेंटर में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आ रही गर्भवती महिलाओं को इस योजना के लाभ लेने की जानकारी दी जाय। जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान, सरलीकरण एवं प्राथमिकता के तहत निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को विकासात्मक कार्यों का धरातलीय स्वरूप प्रदान करने हेतु जिला योजना में ग्राम सभा की खुली बैठक में अनुमोदित प्रस्तावों को सम्मिलित करने को कहा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार,मुख्य कृषि अधिकारी जेपी तिवारी,मुख्य उद्यान अधिकारी डॉ रजनीश सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण प्रवीण कुश,मनोज दास,जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी चेतना अरोड़ा,जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर जोशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन ने किया प्रखर को सम्मानित



संवाददाता

देहरादून। एशियन पेसिफिक डेफ बैडमिंटन चौंपियनशिप के लिए देहरादून उत्तराखंड के प्रखर चमोली को भारतीय टीम में अपनी जगह बना और उत्तराखंड का मान बढ़ाने के लिए संगठन द्वारा सम्मानित किया गया।

आज यहां मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन द्वारा एशियन पेसिफिक डेफ बैडमिंटन चौंपियनशिप के लिए देहरादून उत्तराखंड के प्रखर चमोली को भारतीय टीम में अपनी जगह बना और उत्तराखंड का मान बढ़ाने के लिए संगठन के राष्ट्रीय चेयर पर्सन सचिन जैन द्वारा सम्मानित किया गया। ग्रामीण बालावाला के निवासी प्रखर चमोली पुत्र राकेश चमोली जो जन्म से ही डेफ है प्रखर के पिताजी जिनका व्यवसाय प्रिंटिंग प्रेस का है।

प्रखर को एथलेटिक्स में 2016 से 2018 तक राज्य स्तर पर, 100 मीटर और 200 मीटर 400 मीटर में प्रथम स्थान मिलने पर, बैडमिंटन में राज्य स्तर पर वर्ष 2015 से 2019 तक एकल वर्ग में एवं युगल वर्ग में प्रथम स्थान, बैडमिंटन में राष्ट्रीय स्तर पर 6 मेडल प्राप्त किए जिसमें एकल वर्ग में 2 सिल्वर एक कांस्य पदक युगल वर्ग में 1 गोल्ड 2 सिल्वर मेडल प्राप्त किए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चाइना में वर्ल्ड चौंपियन में पार्टिसिपेट किया खेलो इंडिया खेलो में बैडमिंटन राज्य स्तर पर एक स्वर्ण पदक खेलो इंडिया खेलो में एक में 100 मीटर का एक स्वर्ण पदक जिनको 3 दिसंबर 2021 को उत्तराखंड अवार्ड से नवाजा गया खेल जगत के साथ-साथ 2013 में साइलेंट हीरो फिल्म में अपना अभिनय भी किया।

इस मौके पर मानवधिकार एवं समाजिक न्याय संगठन के चेयरममैन सचिन जैन ने उनके द्वारा इतने सारे सम्मान प्राप्त करने पर और आज उत्तराखंड का नाम रोशन किए और भविष्य में अगर उनको कभी सहयोग की आवश्यकता पड़ती है तो मानवधिकारों सामाजिक न्याय संगठन का एक-एक सदस्य उनके साथ खड़ा होगा।

उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी पत्राचार करने के लिए कहा। इस अवसर पर मनीष जैन, राजकुमार तिवारी, प्रदेश कानूनी सलाहकार कुलदीप विनायक, लच्छू गुप्ता, विशंभर नाथ बजाज, जितेंद्र डंडोना, एसपी सिंह, सारिका चौधरी, रेखा निगम, पूनम मसीह, अर्चना राणा, मनोज राणा, एनके गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# मारपीट में एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कारबारी शिमला रोड निवासी अनूप सिंह ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह रतनपुर शराब के ठेके पास खडा था तभी वहां पर नया गांव निवासी शशांक मिश्रा आ गया और उसके साथ गाली गलौच करने लगा उसने जब उसका विरोध किया तो उसने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। आसपास के लोगों ने बीच बचाव कराया तो वह उसको जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# गैस सिलेण्डर चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दुकान से गैस सिलेण्डर चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शीतला विहार अजबपुर निवासी शौ सिंह पाल ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी गणेश विहार में दुकान है। वह किसी काम से दुकान से कहीं गया था जब वह वापस आया तो उसने देखा कि दुकान में रखा गैस सिलेण्डर अपने स्थान से गायब था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# नई होने के कारण शुरुआत में लोगो ने मुझे बहुत बेवक़ूफ़ बनाया: जॉर्जिया एंड्रयानी

जॉर्जिया एंड्रयानी, मुंबई शहर की सबसे पसंदीदा हस्तियों में से एक है, और हमेशा अपने तेजस्वी और प्रयासशील व्यक्तित्व से दर्शकों को चकित किया है।



जॉर्जिया वास्तव में एक नर्म दिल रखती हैं जो हमेशा अपनी चमकदार मुस्कान के साथ बिखेरना सुनिश्चित करती है। अभिनेत्री हमें कुछ पुरानी बाते याद दिलाती है जहां उन्होंने मुंबई मे नयी होने के कारण कैसे लोगो ने इसका फायदा उठाया और पैसे के लिए उसे ठग लिया।

अभिनेत्री 5 साल से मुंबई में रह रही है, उनके इनिशियल अनुभव और चुनातियों के बारे में खुलासा किया। अभिनेत्री ने कहा, मेरे पास एक नौकरानी थी जो हर दिन आती थी और जैसा कि मुझे पता नहीं था कि कैसे उन्हें पे किया जाता है, वह मुझसे दो घंटे के लिए बहुत सारे पैसे चार्ज करती थी, और लोगो ने मुझे मासूम समझकर मेरा इस बात का फायदा उठाया , और शुरुआत में कभी-कभी, रिक्शा से जाते वक्त, रिक्शा वाले मुझसे एक जगह जाने की कीमत तीन गुना ज्यादा लेते थे।

मुंबई में इतना भी नहीं होता क्योंकि मुंबई में बहुत ईमानदारी है, जैसे लोग आपको ऐसे ही नहीं ले जाएंगे क्योंकि आप सिर्फ परदेश से हो। यह जयादा दिल्ली में हुआ।

जॉर्जिया, जिसे वास्तव में भारत और भारतीय संस्कृति से प्यार है, उन्होंने वास्तव में अपने अनुभव और इच्छाओं के बारे में बहुत कुछ खुल कर बात की और यहां तक कि मुंबई के दादर को अपनी पसंदीदा जगह भी बताई ।

# पिंक क्वीन प्रांजल दहिया के ठुमके कर देते हैं दीवाना!


इन दिनों हरियाणवी गानों का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है, वहीं गुलाबी क्वीन के नाम से मशहूर प्रांजल दहिया के ग्लैमर और ठुमकों ने सपना चौधरी को भी फीका कर दिया है. 52 गज का दामन गाने से फेमस हुई प्रांजल दाहिया अपनी स्टाइलिस्ट और क्यूट अंदाज से लाखों लोगों को दीवाना बना रही हैं. एक समय था जब हरियाणवी गानों में सपना चौधरी के डांस और ठुमके मशहूर हुआ करते थें. लेकिन कुछ ही सालों में हरियाणा की स्टाइलिस्ट मॉडल और सिंगर प्रांजल दहिया ने उनको पीछे छोड़ दिया है. पिंक क्वीन के नाम से मशहूर प्रांजल दाहिया के सोशल मीडिया में फॉलोवर्स काफी तेजी से बढ़ रहें हैं. इसके साथ ही उनके गानों की धुन पर हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरा देश झूम रहा है. गुलाबी क्वीन प्रांजल दहिया अभी 21 साल की हैं. उनका जन्म 5 मई 2001 को सोनीपत में हुआ था. प्रांजल के पिता का नाम शशि दहिया है, जो पेशे से सरकारी कर्मचारी थें. 2021 में प्रांजल ने अपनी हाउसवाइफ मां को खो दिया था.

वे बेहद कम समय में काफी मशहूर हो गई. टिक-टॉक से फेमस हुई प्रांजल दहिया कई हरियाणवी गानों में नजर आ चुकी हैं. हाल ही में उनका गाना बालम थानेदार रिलीज हुआ है, जो लोगों को काफी पसंद आ रहा है. इस गाने में उनकी क्यूटनेस देखते ही बन रही है, स्टाइलिस्ट अंदाज के साथ प्रांजल इस गाने में लोगों का दिल जीत रही हैं. इसी वजह से अब इंटरनेट में प्रांजल दहिया की सर्चिंग काफी बढ़ गई है, वहीं सोशल मीडिया में भी उनके फॉलोवर तेजी से बढ़ रहें हैं.

प्रांजल के लुक और गाने को लोग सोशल मीडिया में रील्स बनाकर शेयर कर रहें हैं. अब प्रांजल दहिया हरियाणा की नई क्वीन बन गई हैं. बेहद कम उम्र और कम समय में उन्होंने हरियाणा इंडस्ट्री में ये मुकाम हासिल किया है. उनके गानों को करोड़ों व्यूज मिल रहें हैं. वे सोशल मीडिया में भी काफी एक्टिव रहती हैं. खुद की तस्वीरें और गानों के रील्स बनाकर फैंस के साथ शेयर करती हैं और फैंस भी उनकी क्यूट सी अदाओं के दीवाने हो जाते हैं. क्यूटनेस में बॉलीवुड एक्ट्रेसेस से कम नहीं प्रांजल दहिया अपने स्कूल करियर से ही टिक टॉक पर वीडियो बनाती आ रही हैं और वहीं से वे काफी लोकप्रिय हो गई. इसके बाद उन्होंने हरियाणा इंडस्ट्री में कदम रखा और अब वे हरियाणा की जान बन चुकी हैं. उनकी क्यूटनेस और स्टाइल ऐसी है, जिसके सामने बॉलीवुड एक्ट्रेसेस भी मात खा जाएं.

# गूगल गर्ल बोल्डनेस में दे रहीं उर्फी को टक्कर

सोशल मीडिया पर गूगल गर्ल के नाम से मशहूर बिग बॉस की एक्स कंटेस्टेंट नितिभा कौल अपने बोल्ड लुक के लिए चर्चाओं में रहती हैं। उनकी बोल्डनेस सोशल मीडिया पर इस कदर हावी रहती है कि लोग उनको उर्फी जावेद का कॉम्पिटिटर मानते हैं। वहीं, उनकी लेटेस्ट बिकिनी ड्रेस ने इन दिनों सोशल मीडिया का पारा हाई कर रखा है। फ्लॉवर प्रिंट टू पीस में नितिभा कौल काफी बोल्ड और ग्लैमरस नजर आ रही हैं। नितिभा अपने हॉट फोटोशूट के लिए जानी जाती हैं। सुबह की धूप में नितिभा का बदन गोल्डन की तरह चमक रहा है। लेटेस्ट तस्वीरों में नितिभा कौल बिकिनी में बेहद सिजलिंग लुक में दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस इस दौरान अपनी टोन्ड लॉन्ग लेग्स और कर्वी फिगर को फ्लॉन्ट करती दिखाई दे रही हैं। नितिभा कौल ने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा फील्स लाइस समर, साथ ही उनके ऊपर बड़ा हैट उनकी खूबसूरती को और बढ़ा रहा है। हर तस्वीर में नितिभा एक नए ही शानदार डेस्टिनेशन पर दिखाई देती हैं। बिग बॉस के बाद नितिभा ने एक्टिंग में भले ही हाथ ना आजमाया हो, लेकिन वो फैशन के मामले में उर्फी जावेद को सीधी टक्कर देती हैं। नितिभा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अगर उनके इंस्टा अकाउंट पर नजर डाले तो वे खाने और वेकेशन मनाने की बेहद शौकीन हैं। एक्ट्रेस की तस्वीरों का फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है। साथ ही उनकी एक फोटो भी सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो जाती है। गूगल कंपनी में नौकरी कर चुकी नितिभा को फैंस गूगल गर्ल के नाम से जानते हैं। बिग बॉस में भी नितिभा की एंट्री हुई थी, लेकिन इस शो में वो खासा प्रदर्शन नहीं कर पाई। एक्ट्रेस के बोल्ड लुक को देखकर फैंस अपनी तरह तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। फैंस उन्हें सोने की गुड़िया तक बुला रहे हैं।



# नीतीश से चिंतित होगी भाजपा!

अजीत द्विवेदी

भाजपा ने पिछले पांच साल में कई पुराने सहयोगी गंवाएं हैं। टीडीपी से लेकर शिव सेना और अकाली दल जैसी पार्टियां साथ छोड़ कर गईं। भाजपा ने उनकी परवाह नहीं की। लेकिन नीतीश कुमार और उनकी पार्टी का अलग मतलब है। उनके साथ छोड़ने से भाजपा चिंता में होगी। भले पार्टी के नेता इस चिंता का इजहार न करें लेकिन उनको पता है कि नीतीश बाकी पुराने सहयोगियों से अलग हैं। उनके साथ भाजपा ने सबसे लंबे समय तक सत्ता की साझेदारी की है। केंद्र से लेकर बिहार सरकार तक में भाजपा और जदयू करीब २० साल तक साथ रहे हैं। नीतीश ऐसे राज्य के नेता हैं, जहां से नए राजनीतिक विमर्श बनते हैं। भाजपा नेताओं को याद होगा कि नरेंद्र मोदी के लिए भी सबसे पहले बिहार से ही आवाज उठी थी। उनके समर्थन और विरोध दोनों की सबसे बुलंद आवाज बिहार में थी। सो, नरेंद्र मोदी के तीसरे चुनाव से पहले जदयू और नीतीश कुमार का अलग होना बहुत दूरगामी असर वाला घटनाक्रम साबित होगा।

इस राजनीतिक घटनाक्रम का आकलन कई पहलुओं से करना होगा। एक पहलू बिहार की ४० लोकसभा सीटों का है। पिछले चुनाव में एनडीए ने इसमें से 39 सीटें जीती थीं। राज्य की सबसे बड़ी पार्टी राजद को एक भी सीट नहीं मिल पाई थी। भाजपा ने 17, जदयू ने 16 और लोक जनशक्ति पार्टी ने छह सीटें जीती थीं। पहली नजर में लगेगा कि जदयू के अलग होने से एनडीए को 17 सीटों का नुकसान हुआ है और अगले चुनाव में भी इतना ही नुकसान होगा। लेकिन ऐसा नहीं है। नीतीश कुमार अलग हो जाते और 2013 की तरह अकेले चलते तब हो सकता है कि नतीजे 2014 की तरह आते, जब नीतीश की जदयू दो सीट की पार्टी रह गई थी और भाजपा के नेतृत्व में एनडीए ने 32 सीटें जीती थीं। इस बार नीतीश अलग होकर अकेले नहीं हए हैं, बल्कि राजद के साथ गए हैं, इसलिए नतीजे 2015 के विधानसभा चुनाव की तरह हो सकते हैं, जब तमाम प्रयास के बावजूद भाजपा विधानसभा की 243 में से सिर्फ 54 सीट जीत पाई थी। सोचें, उसके पास लोकसभा की 23 सीटें थीं और विधानसभा में सिर्फ 54 सीट मिली। पूरे एनडीए को कुल 32 लोकसभा सीटें थीं और विधानसभा में सिर्फ 59 सीटें मिलीं। अगर राजद, जदयू, कांग्रेस, हम, वीआईपी और वामपंथी पार्टियां साथ रहती हैं तो संभव है कि 2024 में एनडीए दहाई में पहुंचने के लिए तरस जाए। जदयू के नेतृत्व वाले सात पार्टियों के गठबंधन का वोट जोड़ें तो 2020 के विधानसभा चुनाव में इनके पास 54 फीसदी से ज्यादा वोट थे और 2019 के लोकसभा चुनाव में 49 फीसदी के करीब वोट थे।

दूसरा आयाम बिहार से सटे दूसरे राज्यों या हिंदी पट्टी के अन्य राज्यों पर इसके असर का है। नीतीश कुमार के भाजपा से अलग होने का असर पूर्वी और उत्तरी भारत के कई राज्यों पर होगा। बिहार से सटे झारखंड को लेकर नीतीश ने पहले ही राजनीति शुरू कर दी है। उन्होंने झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो को राज्यसभा में भेजा है। यह सही है कि झारखंड के महतो या कुर्मी मतदाताओं में नीतीश का वैसा असर नहीं है। लेकिन अगर नीतीश विपक्ष का चेहरा बनते हैं और अगले चुनाव में उनके चेहरे पर चुनाव लड़ा जाता है तो झारखंड के 17-18 फीसदी के करीब महतो वोट में एक बड़ा मैसेज बनेगा। झारखंड में जेएमएम, कांग्रेस और राजद की साझा सरकार है। उनके साथ अगर जदयू जुड़ता है तो यह एक्स फैक्टर की तरह हो सकता है। राज्य की 14 में से 12 सीटें भाजपा के पास हैं। बिहार की राजनीति के असर में वह बढ़त गंवा सकती है। पूर्वी भारत के दो और राज्यों- पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भाजपा ने पिछले चुनाव में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। लेकिन इस बार हालात बदले होंगे। लोकसभा के बाद हुए विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी ने अपनी स्थिति मजबूत की है। पड़ोस के तीन राज्यों- बिहार, झारखंड और ओडिशा में विपक्षी सरकार होने से उनको ताकत मिलेगी। बंगाल में प्रवासी बिहारी मतदाताओं की संख्या भी अच्छी खासी है।

तीसरा पहलू धारणा का है। अब तक नरेंद्र मोदी के मुकाबले कोई नहीं दिख रहा था। कम से कम धारणा के स्तर पर लोगों के मन में यह बात बैठाई गई थी कि मोदी के मुकाबले कोई नहीं है। भाजपा ने अपनी तरफ से राहुल गांधी को दावेदार बना कर एक काल्पनिक मुकाबला बनाया हुआ है। हकीकत में राहुल दावेदार नहीं हैं। वे न तो पार्टी के अध्यक्ष हैं न कभी केंद्र में मंत्री रहे हैं, न मुख्यमंत्री रहे हैं इसके बावजूद भाजपा ने उनको दावेदार बनाया है। झूठी-सच्ची खबरें और वीडियो के जरिए उनको कम बुद्धि का नेता स्थापित किया गया है। इस तरह भाजपा अब तक एक कमजोर प्रतिद्वंद्वी खड़ा करके उससे लड़ रही थी। अगर नीतीश कुमार मुकाबले में आते हैं तो धारणा अपने आप बदल जाएगी। वे कई बरस तक केंद्र में मंत्री रहे हैं और 15 साल से ज्यादा समय से बिहार के मुख्यमंत्री हैं। उनको प्रशासन का अनुभव है और वे भी 24 घंटे राजनीति करने वाले नेता हैं। सो, उनके आने से धारणा अपने आप बदल जाएगी। देयर इज नो ऑल्टरनेटिव यानी टीना फैक्टर समाप्त हो जाएगा। नीतीश उत्तर भारत के नेता हैं, प्रशासन का अनुभव है और पिछड़ी जाति से आते हैं। इतना काफी है उनको मजबूत प्रतिद्वंद्वी बनाने के लिए। चौथा पहलू यह कि नीतीश के खिलाफ हमला करने या उनका चरित्रहनन करने के लिए कुछ नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समूचे विपक्ष को परिवारवादी और भ्रष्ट बता कर आलोचना करते रहे हैं। राहुल गांधी से लेकर के चंद्रशेखर राव, अखिलेश यादव, एमके स्टालिन, एचडी देवगौड़ा, शरद पवार, लालू प्रसाद, ममता बनर्जी आदि सारे विपक्षी नेता परिवारवादी और भ्रष्ट बताए जाते हैं। लेकिन नीतीश कुमार के बारे में ऐसा कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। वे न तो परिवारवादी हैं और न उनके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। ऊपर से भाजपा के साथ रहते हुए भी उन्होंने अपनी छवि सांप्रदायिक नहीं होने दी है। अगर भाजपा उनके ऊपर कोई भी आरोप लगाती है तो वह पलट कर उसके ऊपर ही आएगा क्योंकि लगभग सारे समय वह उनके साथ सत्ता में साझेदार रही है। तभी नीतीश कुमार को लेकर निश्चित रूप से भाजपा को चिंता हो रही होगी। अगर वे सिर्फ बिहार में राजनीति करें तब भाजपा को चिंता नहीं होगी लेकिन जैसे ही वे राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय होंगे, भाजपा की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। उसके लिए 2024 का चुनाव मुश्किल हो जाएगा।

## गांजे के साथ गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने गांजे के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्लेमनटाउन थाना पुलिस ने चांदचक पुल के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 556 ग्राम गांजा बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम आबिद पुत्र वसीर अहमद निवासी पठानों वाला मौहल्ला मोरोवाला बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## बिजली चोरी में एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। बिजली चोरी के मामले में पुलिस ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अवर अभियंता विक्रम सिंह ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने हरिजन बस्ती लालतप्पड में सूरज पाल के घर पर छापा मारा तो वहां पर विद्युत पोल पर कटिया डालकर बबिजली चोरी करते हुए पकड लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## सू- दोकू क्र.42

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.41 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# देश प्रदेश की राजनीति में सिंधिया राजघराने का विशेष योगदान

अजय दीक्षित

आज की राजनीति में विभिन्न राजनैतिक दल देश हित की चिंता के स्थान पर परस्पर आपस में बैर का भाव रखते हैं जबकि उद्देश्य सभी का देश की समस्याओं में जनकल्याण है। मध्य भारत और अब मध्यप्रदेश में जनसंघ (जो बाद में भारतीय जनता पार्टी हुई) को मजबूत करने में ग्वालियर राजघराने की राजमाता श्रीमती विजय रजे सिंधिया का विशेष योगदान है। आप जनसंघ में और बाद में भाजपा में तथा अटल बिहारी वाजपेयी लालकृष्ण आडवाणी की सिरोही की राजनीति आ रही हैं। 1947-48 से पूर्व देश की पांच सौ से ज्यादा रियासतों के प्रमुखों ने पहले अंग्रेजों का साथ दिया और बाद में अपना स्वतंत्र अस्तित्व मानना चाहा। जबकि ग्वालियर रियासत की राजमाता ने सदा अंग्रेजों से टक्कर ली और बाद में शिक्षा से भारत में विलय कराया। विभिन्न राजघरानों की तुलना में ग्वालियर रियासत ज्यादा सम्पन्न और सफल थी। उसका अपना सिक्का चलता था। कोई भी ग्वालियर रियासत में रिफाइंड (तब डालडा) लेकर नहीं आ सकता था। रियासत की अपनी न्याय व्यवस्था थी। अपना पुलिस प्रशासन था। आज भी रियासत के जमाने की इमारतें ग्वालियर की शान है। ग्वालियर रियासत मराठा और ब्रज क्षेत्र दोनों की संस्कृति का द्योतक है। ग्वालियर रियासत में मुरैना ब्रज क्षेत्र में आता था। परन्तु ग्वालियर रियासत ने अपना फैलाव कर मुरैना, कैलारस, श्योपुर, शिवपुरी को अपने में मिला लिया।

श्रीमंत राजमाता राजे सिंधिया की संतानों में माधवराव सिंधिया का विशेष स्थान है। बे कांग्रेस दल से सम्बद्ध थे, परन्तु उनका ध्यान पार्टी से ऊपर उठकर क्षेत्र के विकास की सोचते थे। इस दिशा में भी राजनैतिक रूप से अपने विरोधियों से मिलने और उनकी बात सुनने के पक्षधर थे। कांग्रेस शासनकाल में केन्द्रीय मंत्रिमंडल में कई विभागों के मंत्री रहे हैं। उनके भाषणों में जहां कांग्रेस का पक्ष होता था, वहीं वे देशहित और विशेषकर प्रदेश हित को सर्वोपरि रखते थे। कैलाश वासी श्रीमद् माधवराव सिंधिया ने ग्वालियर चंबल संभाग में विकास के अनेक सौगातें दीं जिसमें ग्वालियर में ट्रिपल आईटीएम, पर्यटन संस्थान, रेल स्प्रिंग कारखाना सिथौली, सिविल एयरपोर्ट, मुरैना के बानमोर स्थित ग्वालियर दुग्ध संघ, पुंज लॉयड, जेके टायर आदि श्री सिंधिया की देन है। कांग्रेस के बड़े नेता रहे एवं लोकसभा में हमेशा कांग्रेस का पक्ष मजबूती से रखते थे।

आज उनके योग्य सुपुत्र श्रीमंत ज्योतिराज सिंधिया वर्तमान में केन्द्रीय सरकार में नागरिक उड्डयन मंत्री हैं उनके पास अल्पसंख्यक विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी है

श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया 2020 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आये और उनकी रण कौशल से चौथी बार लगातार मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी शिवराज सिंह चौहान चौथी बार मुख्यमंत्री पद पर सुशोभित हैं। श्रीमंत ज्योतिराज सिंधिया की रणनीति के कारण भाजपा के शीर्षस्थ नेतृत्व ने पुणे बंगाल चुनाव का काम सौंपा है ताकि सन 2024 के चुनाव में लोकसभा की सभी सीटें राज्य से भाजपा को मिलें।

सिंधिया के प्रयास से ना केवल मध्य प्रदेश के छोटे छोटे शहर बल्कि देश के अनेक छोटे से अब दिल्ली से हवाई मार्ग से सीधे जुड़ गये हैं। राजघराने के रहते हुए भी ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर चंबल सहित देश-प्रदेश के कद्दावर वह जमीनी नेता हैं। हमेशा क्षेत्र के विकास के लिए सोचते रहते हैं। श्रीमंत सिंधिया जिस जिस विभाग के मंत्री केन्द्रीय सरकार में रहे इन्होंने ग्वालियर चंबल संभाग सहित प्रदेश में उस बाबा की योजनाओं का ठीक ढंग से क्रियान्वयन कराया, जिसका लाभ इस अंचल को हमेशा मिलता रहेगा। श्री सिंधिया ने ग्वालियर से बंद पड़ी एयरलाइंस सेवाओं को पुणे प्रारंभ करा कर आज ग्वालियर की कनेक्टिविटी पूरे देश से हैं जिस का भरपूर लाभ इस अंचल के लोग हवाई सेवाओं का उठा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री पहुंचे एम्स, घायल एसडीएम का हालचाल जाना



हमारे संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऋषिकेश स्थित एम्स हॉस्पिटल में पहुंचकर सड़क हादसे का शिकार होकर लम्बे समय से उपचार करा रही एसडीएम संगीता कनौजिया का हालचाल जाना गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री द्वारा घायल एसडीएम के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गयी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज एम्स ऋषिकेश की क्रिटिकल केयर यूनिट में पहुंचे जहां उन्होंने हॉस्पिटल में भर्ती एसडीएम संगीता कनौजिया का हालचाल जाना। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी को डॉक्टरों द्वारा बताया गया कि एसडीएम संगीता कनौजिया की स्थिति में पहले से सुधार है। मुख्यमंत्री धामी ने संगीता कनौजिया के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। बता दें कि बीती 26 अप्रैल को एसडीएम संगीता कनौजिया एक सड़क हादसे का शिकार हो गई थी। एसडीएम संगीता कनौजिया अपने वाहन से ड्यूटी के लिए रुड़की से लक्सर जा रही थी इसी दौरान सोनाली पुल पर उनके वाहन की एक ट्रक से टक्कर हो गई थी। इस दुर्घटना में वाहन चालक की मृत्यु हो गई थी जबकि संगीता कनौजिया गंभीर रूप से घायल हुई थी। जिन्हें ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स के ट्रामा इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। जहां उनका इलाज चल रहा था।

# नकली तार के 27 बंडल बरामद, दुकानदार के खिलाफ मुकदमा

देहरादून (सं)। असली के नाम पर नकली तार बेचने के मामले में पुलिस ने 27 नकली तार के बंडल जब्त कर दुकानदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेक्टर 15 रोहणी नार्थ दिल्ली निवासी मनोज पाण्डे ने प्रेमनगर थाने में सूचना दी कि उनकी कम्पनी के नाम पर यहां पर कुछ दुकानदार नकली तार के बेच रहे हैं। जिसके बाद उसने पुलिस के साथ जाकन भाऊवाला में भट्ट ट्रेडर्स नामक दुकान पर छापा मारा तो वहां पर पॉलीकेब इण्डिया के नाम पर नकली तारों के 27 बंडल बरामद कर लिये। पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# महिला की मौत पर पति सहित तीन पर हत्या का मुकदमा

देहरादून (सं)। महिला की मौत पर मायके वालों ने पति, सास व ससुर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजावाला निवासी व्यक्ति ने सहसपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बेटी का विवाह टिपरपुर सभावाला निवासी यशपाल के साथ हुआ था। विवाह के कुछ दिनों के बाद से ही उसके ससुराल वाले उसको दहेज के लिए परेशान करने लगे थे। उनकी मांग पूरी ना होने पर उन्होंने उसकी बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मृतका के विवाह को 12 हो गये थे। उसका पति स्कूल बस चलाता है। पुलिस के अनुसार घटना वाले दिन मृतका का अपनी सास से पानी को लेकर विवाद हो गया था तथा उसके बाद उसकी सास सुमित्रा बच्चों को स्कूल से लेने के लिए चली गयी थी जब वह वापस आयी तो महिला अपने कमरे में मरी हुई मिली थी। परिवार वालों ने यशपाल उसकी पिता सतपाल उर्फ छज्जू व सास सुमित्रा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया देहरादून-अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ हैली सेवा का फ्लैग ऑफ

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट से देहरादून - अल्मोड़ा - पिथौरागढ़ हैली सेवा का फ्लैग ऑफ किया। यह हैली सेवा देहरादून से हल्द्वानी, पंतनगर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ तक चलेगी। 7 सीटर पवन हंस की यह सेवा अभी सप्ताह में एक दिन चलेगी।

मुख्यमंत्री ने इस हैली सेवा को शुरू करवाने के लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उड़ान योजना के तहत राज्य में जो हैली सेवाएं चल रही हैं, ये उत्तराखंड में एयर कनेक्टिविटी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। इन सेवाओं से लोगों को आवागमन की सुविधा आसान होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। राज्य सरकार का प्रयास है कि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को राज्य में आवागमन के लिए हर प्रकार की सुविधा मिले। मुख्यमंत्री ने कहा की राज्य में एयर कनेक्टिविटी को और विस्तार दिया जा रहा है। उन्होंने पवन हंस को इस सेवा को सप्ताह में तीन दिन करने एवं सीटों की संख्या बढ़ाने को कहा।



**●7 सीटर पवन हंस की यह सेवा अभी सप्ताह में एक दिन चलेगी**

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सुबोध उनियाल, सचिव दिलीप जावलकर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी यूकाडा सी रविशंकर, पवन हंस के महाप्रबंधक संजय कुमार उपस्थित थे।

# कांग्रेस महारैली पर धीरेंद्र ने किया 'दिल्ली चलो' का आह्वान

नगर संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव जितेंद्र गौड़ धोबी ने संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिलकर दिल्ली में होने वाली 4 सितंबर को महारैली को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक 'दिल्ली चलो' का आवाहन किया है। धीरेंद्र प्रताप, जितेंद्र गौड़ धोबी ने संयुक्त रूप से कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर महंगाई व भ्रष्टाचार को लेकर एक



विशाल रैली का आयोजन 4 सितंबर 2022 को दिल्ली में किया गया है

महारैली को सफल बनाने के लिए गाजियाबाद, मोदीनगर, मुरादनगर, मुजफ्फरनगर, लोनी, सहारनपुर, हापुड़, बुलंदशहर, मेरठ, गौतम बुधनगर के प्रमुख कार्यकर्ताओं से संपर्क कर दिल्ली चलो का आहवान किया गया है। धीरेन्द्र प्रताप और जितेंद्र गौड़ धोबी ने संयुक्त रूप से कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व अध्यक्ष पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी संत गाडगे रजक सेना के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मिर्जापुर पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी 3, सितंबर 2022 को सुबह 10 बजे दिल्ली यू पी भवन में वरिष्ठ कांग्रेस जनों एवं दलित रजक धोबी समाज के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। यह जानकारी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के सोशल मीडिया से जुड़े प्रमुख कांग्रेस नेता सतपाल वर्मा ने दी है।

# नौकरियों पर नकल माफिया का कब्जा, इसलिए सीबीआई जांच हो : यशपाल आर्य

हमारे संवाददाता

देहरादून। नेता प्रतिपक्ष व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता यशपाल आर्य ने कहा है कि निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ सरकारी नौकरियां देना केन्द्र व राज्य सरकारों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। संघ लोक सेवा आयोग और राज्य लोक सेवा आयोग को अस्तित्व में इसलिए लाया गया था कि नौकरियां केवल योग्य उम्मीदवारों को ही मिल सके। उत्तराखण्ड में सरकारी नौकरियों में हुई धांधलेबाजी से राज्य की जनता निराश हुई है। इसलिए सभी भर्तियों की सीबीआई या उच्च न्यायालय में वर्तमान न्यायधीश से इसकी जांच करायी जाये।

कांग्रेसी नेता यशपाल आर्य का कहना है कि उत्तराखण्ड में राज्य लोक सेवा आयोग राज्य की अधीनस्थ सेवाओं और ग्रुप सी के पदों के लिए भर्ती नहीं कर



पा रहा था इसलिए राज्य गठन के बाद ग्रुप सी और अधीनस्थ सेवा के पदों पर नियुक्ति के लिए कई व्यवस्थाएं बनायी गयी। यह व्यवस्थाएं भी नाकाफी साबित हुई और इनके भी नकल माफियाओं के हाथों बिकने की बाते सामने आने लगी। इस पर विधानसभा में कानून पास करा कर उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्थापना की गयी। लेकिन नकल माफिया पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ा। उन्होने कहा कि पिछले कुछ सालों से युवा व बेरोजगार वर्ग नकल माफिया के खिलाफ आवाज बुलन्द कर रहे थे तथा हर परीक्षा के बाद बेरोजगार संघ और युवा पुलिस व सरकार को ज्ञापन देकर इसकी जांच कराने की मांग कर रहे थे। बेरोजगारों के संघर्षों तथा कांग्रेस के विधायकों द्वारा हर सत्र में इन भर्तियों की जांच कराने की मांग की जाती रही थी। आखिर मुख्यमंत्री द्वारा बेरोजगारों और विपक्ष की मांग सुनी गयी और मामले में एसटीएफ से जांच करायी गयी जिसमें कुछ गिरफ्तारियां तो हुई लेकिन जो तथ्य सामने आये उसने राज्य वासियों की चिताएं बढ़ा दी। इसलिए इन सभी भर्तियों की जांच सीबीआई अथवा उच्च न्यायालय के वर्तमान जज से करानी चाहिए तभी दूध का दूध और पानी का पानी हो सकेगा।



## एक नजर

# सड़क दुर्घटना में सीएम योगी के ओएसडी की मौत, पत्नी घायल

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में एक दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे में मुख्यमंत्री योगी के गोरखपुर कार्यालय के तैनात ओएसडी मोतीलाल सिंह की मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हैं। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने उनकी मौत पर दुख जताया है। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गोरखपुर कैंप कार्यालय के ओएसडी



(जन सुनवाई अधिकारी) मोती लाल सिंह अपनी पत्नी और चालक के साथ किसी काम से लखनऊ जा रहे थे। तभी हाईवे पर मुंडेरवा थाना क्षेत्र के खजौला के पास उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी नीलगाय सामने आने के बाद अनियंत्रित हो गई। चालक ने काफी कोशिश की, लेकिन वह संभल नहीं पाया और गाड़ी सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। हादसा देर रात करीब एक बजे हुआ। वहीं सूचना पर थाना पुलिस समेत प्रशासन के अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंच गए। उन्होंने तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने ओएसडी मोतीलाल सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं उनकी पत्नी और चालक को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है। हालत बिगड़ने पर दोनों को हायर सेंटर के लिए रैफर किया गया है। सूचना पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है।

# कान्वेंट में नाबालिग लड़कियों का यौन उत्पीड़न, चार गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम । दक्षिण केरल में एक कान्वेंट में घुसकर चार नाबालिग लड़कियों का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ग्रामीण इलाके में स्थित ननरी



(ननों के रहने की जगह) के पास पुलिस के रात्रि गश्ती दल ने एक दिन पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान दोनों के धार्मिक संस्थान में घुसने के मकसद का खुलासा हुआ। आरोपियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर, एक महिला पुलिस अधिकारी ने कान्वेंट में जाकर नाबालिग लड़कियों का बयान दर्ज किया जिसमें पता चला कि उनका पिछले कुछ दिनों से यौन शोषण किया जा रहा था। पीड़िताओं के बयान के आधार पर दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों पर यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) और भारतीय दंड संहिता की धारा 460 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# असम पुलिस ने अल-कायदा से जुड़े 34 लोगों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली । असम से आतंकी संगठन अल-कायदा से जुड़े 34 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम के डीजीपी भास्कर ज्योति महंता ने कहा कि असम पुलिस ने अब तक अलकायदा से जुड़े 34 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। असम पुलिस इस तरह की साजिशों को कामयाब नहीं होने देगी। कुछ



सेना प्रशिक्षण शिविर बांग्लादेशियों द्वारा स्थापित किए गए हैं। डीजीपी ने कहा कि असम में अलग-अलग मदरसों के समूह हैं। कुछ नए समूह भी बन रहे हैं, कुछ लोग मदरसों का लाभ ले रहे हैं। डीजीपी महंता ने कहा कि ये पूरी साजिश असम से बाहर खासकर बांग्लादेश में अल-कायदा द्वारा रची जा रही है, ताकि युवाओं को उकसा कर कट्टरता फैलाई जा सके। बता दें कि कुछ दिनों पहले असम में जिहादी गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार ने मदरसों में इमाम और शिक्षकों की भर्ती को लेकर एक बड़ा फैसला लिया। मुख्यमंत्री ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार एक पोर्टल विकसित कर रही है, जहां राज्य के बाहर से आने वाले मदरसों के इमाम और शिक्षकों को पोर्टल में अपना विवरण दर्ज करना होगा।

# सीएम धामी ने ऋषिकेश एम्स में बाल रोग गहन चिकित्सा इकाई का किया शुभारंभ




कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को एम्स, ऋषिकेश में पी. आई.सी.यू (बाल रोग गहन चिकित्सा इकाई) का शुभारंभ किया, इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल का निरीक्षण किया और मरीजों का हालचाल जाना।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पीआईसीयू के शुभारंभ से छोटे बच्चों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी, उन्होंने एम्स ऋषिकेश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में उम्मीदों का केंद्र बताया, उन्होंने कहा एम्स ऋषिकेश के प्रति लोगो में अपेक्षाएं और विश्वास है। उत्तराखंड राज्य के साथ ही अन्य राज्यों से आने वाले मरीजों के लिए एम्स ऋषिकेश एक वरदान के रुप में काम करता है। अपनी सेवा के माध्यम से जनता में विश्वास जगाता है। उन्होंने डॉक्टरों को भगवान का रूप बताया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवा को बढ़ाने का कार्य संपूर्ण देश में लगातार जारी है। मुख्यमंत्री ने उधम सिंह नगर जिले के किच्छा में एम्स की सेटेलाइट शाखा की स्वीकृति हेतु प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा उत्तराखण्ड मंत्रिमंडल की बैठक में किच्छा एम्स हेतु केंद्र को निशुल्क जमीन देने पर स्वीकृति बनी है। उन्होंने कहा उत्तराखण्ड की भौगोलिक स्थिति अन्य राज्यों के मुकाबले भिन्न है, दूरदराज इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद राज्य सरकार इसे तीव्र गति के साथ कर रही है। उन्होंने एम्स ऋषिकेश से अन्य संस्थानों व अस्पतालों के साथ समन्वय बनाकर लोगों की मदद एवं सेवा करने का आग्रह किया।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, ऋषिकेश मेयर श्रीमती अनीता ममगाई, एम्स कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह, मेडिकल सुपरिटेंडेंट संजीव मित्तल, प्रो. जया चतुर्वेदी, प्रो. मनोज गुप्ता एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# पानी को तरस रहे ईसी रोड सहित कई क्षेत्रों के लोग



नगर संवाददाता

देहरादून। जल संस्थान की लापरवाही के चलते दिलाराम बाजार, राजपुर रोड व ईसी रोड के निवासी पिछले एक सप्ताह से पानी के लिए तरस रहे है। विभागीय अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी कोई सकारात्मक पहल होती दिखायी नहीं दे रही है।

जहां एक तरफ केन्द्र सरकार द्वारा 'हर घर नल व हर घर जल' योजना लागू करने के साथ ही आम जन को पेयजल उपलब्ध कराने की बात कही जा रही है। वहीं जल संस्थान के कुछ अधिकारियों की लापरवाही के चलते केन्द्र व राज्य की इस योजना को पलीता लगाया जा रहा है। इसी क्रम में पिछले एक सप्ताह से जल संस्थान की लापरवाही के चलते ईसी रोड, दिलाराम बाजार व राजपुर रोड के स्थानीय लोग पानी के लिए तरस रहे है और वह खुद टैंकरो के द्वारा पानी मंगवाने पर मजबूर है। ऐसा नहीं है कि इस मामले की जानकारी जल संस्थान के आलाधिकारियों को नहीं दी गयी है। लेकिन लापरवाही की हद तो तब हो गयी जब एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद जल संस्थान द्वारा इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। ऐसे में राज्य सरकार व प्रशासन को सोचना होगा कि क्या इसी तरह से हर घर जल पहुंच सकेगा?

# गुलदार के हमले में दो महिलाए घायल

हमारे संवाददाता

टिहरी। राज्य के पर्वतीय अंचलों में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले के प्रतापनगर विधानसभा में दो महिलाओं पर गुलदार ने हमला बोल दिया है। जिससे दोनों की हालात नाजुक बनी हुई है। ग्रामीणों ने दोनों घायल महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंबगांव में भर्ती कराया है वही गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार कुड़ी गांव कीं कुछ महिलाएं पशुओं के लिए चारा लेने जंगल गई थी, इसी दौरान कैडीगाड़ तोक के पास झाड़ियों में छुपे गुलदार ने दो महिलाओं पर हमला कर दिया। बताया



जा रहा है कि महिलाओं की चीख सुन साथ गई अन्य महिलाएं मौके पर पहुंची। उनके शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण वहां पहुंचे। महिलाओं और ग्रामीणों के शोर मचाने पर गुलदार वहां से भाग गया। ग्रामीणों ने दोनों घायल महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंबगांव में उपचार के लिए भर्ती किया है। घायल महिलाओं के नाम जमुना देवी पत्नी विजेंद्र सिंह रावत और रेखा देवी पत्नी रमेश लाल निवासी कुड़ी गांव (प्रतापनगर) बताया जा रहा है। वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व वन विभाग से गुलदार को पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणों में जहां आक्रोश है वहीं क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# एसडीआरएफ ने सौंग नदी से किया शव बरामद

संवददाता

देहरादून। एसडीआरएफ टीम ने सौंग नदी से अज्ञात महिला का शव बरामद किया। आज यहां कोतवाली डोईवाला से सूचने प्राप्त हुई कि लालतप्पड़ चौकी क्षेत्र में नदी के पास 03 शव दिखाई दे रहे हैं। एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता है। उक्त सूचना पर सेनानायक एसडीआरएफ मणिकांत मिश्रा द्वारा तत्काल वाहिनी मुख्यालय,जॉलीग्रांट से अलर्ट टीम को रवाना करने हेतु निर्देशित किया गया। एसडीआरएफ अलर्ट टीम, घटनास्थल पर पहुंची। लालतप्पड़ क्षेत्र से सर्च ऑपरेशन शुरू कर नदी के कई किलोमीटर तक सर्चिंग की गई। सर्चिंग के दौरान टीम ने छिद्दरवाला क्षेत्र में सोंग नदी से एक महिला के शव को बरामद कर जिला पुलिस(थाना रायवाला) के सुपुर्द किया गया। अभी शव की शिनाख्त नही हो पाई है।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*